प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ बढ़ रहा आगे।
- सप्ताह भर चलने वाला चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला शुरू– राज्यपाल ने किया शुभारम्भ।
- भाजपा ने प्रदेश सरकार पर आपदा प्रभावितों को राहत देने के बजाय उन पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गौरवान्वित हुआ है। 23 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की चर्चा करते हुए उन्होंने इस दिवस को मनाए जाने से जुड़े सुझाव नमो ऐप के ज़रिए साझा करने का आह्वान किया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..............

.

*मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भरता ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम स्थानीय उत्पादों का समर्थन करेंगे।*

*2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और 'आत्मनिर्भर भारत' का सबसे बड़ा आधार है – 'vocal for Local'। जो चीजें भारत में बनी हों, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो, वही खरीदें और वही बेचें। ये हमारा संकल्प होना चाहिए।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और ये मिशन एक जन आंदोलन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि लोग स्वच्छता को अपना फर्ज़ मान रहे हैं।*

*स्वच्द भारत मिशन, इस मिशन को 11 साल पूरे होंगे। लेकिन, इसकी ताकत और इसकी जरूरत आज भी वैसी ही है। इन 11 वर्षों में 'स्वच्छ भारत मिशन' एक जन–आंदोलन बना हैद्य लोग इसे अपना फर्ज मानते हैं और यही तो असली जन–भागीदारी है।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान व अंतरिक्ष को लेकर बच्चों में भी जिज्ञासा जागी है।*

*Science को लेकर,चंबम को लेकर बच्चों में एक नई जिज्ञासा भी जागी। अब छोटे–छोटे बच्चे कहते हैं, हम भी space में जाएंगे, हम भी चाँद पर उतरेंगे – Space Scientist बनेंगे। आपने*

*INSPIRE-MANAK अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों के innovation को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से पाँच बच्चे चुने जाते हैं।हर बच्चा एक नया idea लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान–3 के बाद तो इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। देश में space start-ups भी तेजी से बढ़ रहे हैं।*

*उन्होंने देशवासियों को आगामी त्योहारों की बधाई भी दी और कहा कि ये पर्व हमारी भावनाओं से जुड़े हुए हैं।*

*सावन की फुहारों के बीच, देश एक बार फिर त्योहारों की रौनक से सजने जा रहा है। आज हरियाली तीज है, फिर नाग पंचमी और रक्षा–बंधन, फिर जन्माष्टमी हमारे नटखट कान्हा के जन्म का उत्सव। ये सभी पर्व यहां हमारी भावनाओं से जुड़े हैं, ये हमें प्रकृति से जुड़ाव और संतुलन का भी संदेश देते हैं। आप सभी को इन पावन पर्वों की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं।*

*प्रधानमंत्री ने स्वदेशी आंदोलन का भी उल्लेख किया जो 7 अगस्त 1905 को शुरू हुआ था। इसी स्मृति में हर वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है।*

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रेरणास्रोत बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से मन की बात कार्यक्रम में व्यक्त विचारों को जन–जन तक पहुंचाने, स्थानीय स्तर पर जन सहभागिता बढ़ाने और भारत को विकसित बनाने के संकल्प में सहभागी बनने का आह्वान किया।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल योजनाओं पर 2 सौ 50 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है। स्वर्गीय जी.एस. बाली की स्मृति में आयोजित बाल मेले में उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के लिए 2 महत्वपूर्ण मध्यम सिंचाई परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं से ज़िले के करीब एक सौ 60 गांवों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि सरकार युवाओं का कौशल उन्नयन कर उद्योगों की मांग के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि सैमी कंडक्टर के क्षेत्र में भी युवाओं को नए अवसर प्रदान करने के लिए सरकार प्रयासरत है। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली भी इस दौरान मौजूद रहे।

मिंजर

चंबा का अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ध्वजारोहण कर इस मेले का शुभारम्भ किया। मिंजर मेले के शुभारम्भ पर चम्बा शहर में एक शोभा यात्रा निकाली गई। बाद में लक्ष्मी नारायण मंदिर में राज्यपाल ने भगवान लक्ष्मी नारायण को मिर्जा परिवार द्वारा हाथ से बनाई गई रेशमी धागे की मिंजर अर्पित कर पूजा–अर्चना की। राज्यपाल ने चौगान मैदान

में विकासात्मक प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि चम्बा ज़िले की संस्कृति व परंपरा अद्भुत है और इसे संजोए रखने की ज़रूरत है।

बैठक

इस बीच, राज्यपाल ने आज चम्बा में आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चम्बा ज़िला को आकांक्षी ज़िला की श्रेणी से बाहर लाना है ताकि चम्बा प्रदेश के अन्य ज़िलों की तरह विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सके। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी बैठक में मौजूद रहे।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले में सी.बी.आई. जांच पर सवाल उठाए हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इतना समय बीत जाने के बाद भी सी.बी.आई. अब तक विमल नेगी की मौत के रहस्य से पर्दा नहीं उठा पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस पूरे मामले में जमकर राजनीति की है।

बागवानी कॉलेज को थुनाग से सुंदरनगर शिफ्ट करने के मामले पर जगत सिंह नेगी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए असुरक्षित जगह पर ये कॉलेज स्थापित किया था।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मण्डी ज़िले में आपदा प्रभावितों को फौरी राहत देने के बजाय उन पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली ऐसी सरकार है जो आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर वहां के संस्थान छीन रही है। जयराम ठाकुर ने ये भी आरोप लगाया कि प्रभावित क्षेत्र में आपदा पीड़ित ही अपने संसाधनों से सड़कें खुलवा रहे हैं।

पुल लोकार्पण

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के भुंतर में 5 करोड़ 38 लाख रूपए से बने डबल लेन पुल का विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने आज लोकार्पण किया। इस पुल के बनने से मणीकर्ण और गड़सा घाटी के किसानों व बागवानों को भुंतर सब्ज़ी मण्डी आने–जाने की सुविधा मिलेगी। सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि आने वाले समय में भुंतर को एक बड़े ट्रांसपोर्ट नगर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भुंतर में ब्यास नदी के तटीकरण के लिए पहले चरण में 15 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में इस मॉनसून सीज़न में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक एक सौ 61 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 35 लोग अभी भी लापता हैं। मण्डी ज़िले में सबसे अधिक 32 लोगों की मृत्यु हुई है। इस

बीच प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ बढ़ रहा आगे।
- सप्ताह भर चलने वाला चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला शुरू– राज्यपाल ने किया शुभारम्भ।
- भाजपा ने प्रदेश सरकार पर आपदा प्रभावितों को राहत देने के बजाय उन पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना।